**खबर संक्षेप**

## पटवारी लगाएंगे माता के दरबार में हाजिरी



**मैहर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी व पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल, जयवर्धन सिंह का आगमन 10 दिसंबर दिन बुधवार को सुबह 5:45 बजे रेवांचल से होने जा रहा है। सभी रेवांचल एक्सप्रेस आने के पश्चात देवी की स्थिति होटल सुरबहार पहुंचेंगे। तत्पश्चात माता शारदा के दर्शन के दरबार पहुंचेंगे। दर्शन के बाद अपने नियत कार्यक्रम रीवा रोड होते हुए सीधी सिंगरौली के लिए प्रस्थान कर जाएंगे। कांग्रेस पार्टी के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से सम्मानित नेता गणों के स्वागत की अपील है।

## जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न

**मैहर।** जिले की जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक मंगलवार को कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई।बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक गौतम शर्मा सहित मैहर के सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक एवं शासकीय विभागों से विभिन्न अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## 15 लाख की लागत से देवरा में सड़क निर्माण का भूमि पूजन

**मैहर।** मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने विधायक निधि से सड़क निर्माण हेतु 15 लाख दिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार मैहर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम देवरा में सीसी रोड निर्माण के लिए कई दिनों से मांग चल रही थी। क्षेत्र की मांग और आवश्यकता के अनुसार ग्राम देवरा में सड़क निर्माण करना अति आवश्यक था जिसके लिए मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी द्वारा ग्राम पंचायत देवरा को 15 लाख रुपए राशि विधायक निधि से स्वीकृत की गई जिससे सड़क निर्माण किया जाएगा। इस सड़क निर्माण का भूमि पूजन 10 दिसंबर 2025 को दोपहर 1 बजे ग्राम देवरा में होना सुनिश्चित किया गया है। मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी द्वारा इस सड़क निर्माण का भूमि पूजन किया जाएगा।

# बड़ा हादसा टला: क्षमता से अधिक 30 बच्चों को ले जा रही बोलेरो नाले में जा घुसी, सभी सुरक्षित



**सतना। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के खाम्हा खूजा के पास मंगलवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। शिवम हाई स्कूल के बच्चों को घरों से लेकर स्कूल जा रही एक बोलेरो अचानक स्टेरिंग फेल होने से अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे एक नाले में जा घुसी। गाड़ी में क्षमता से कहीं अधिक,लगभग 25 से 30 बच्चे सवार थे,जो स्कूल जा रहे थे। घटना को देखकर स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और बिना देरी किए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया।**

स्थानीय लोगों की मदद से सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी भी बच्चे को कोई गंभीर चोट नहीं आई,लेकिन इस घटना ने स्कूल प्रबंधन और वाहन चालक की गंभीर लापरवाही को उजागर कर दिया है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,बोलेरो अचानक मुड़ी और सीधे नाले में उतर गई। उनका कहना था कि यदि वाहन की रफ्तार तेज होती या सामने से कोई वाहन आ रहा होता,तो एक बड़ी अनहोनी हो सकती थी। घटना के बाद,स्थानीय लोगों ने ओवरलोडिंग और लापरवाही को लेकर आक्रोशित होकर चालक को जमकर लताड़ लगाई। यह घटना स्कूल वाहनों में सुरक्षा मानकों और ओवरलोडिंग के गंभीर विषय पर ध्यान आकर्षित करती है।





# चित्रकूट में अवैध उत्खनन पर बड़ी कार्रवाई: 5 ट्रैक्टर और 2 जेसीबी मशीनें

**सतना। चित्रकूट में अवैध उत्खनन (माइनिंग) करने वालों के खिलाफ एसडीएम मझगवां महिपाल सिंह गुर्जर के निर्देश पर तहसीलदार चित्रकूट कमलेश सिंह भदौरिया द्वारा सख्त कार्रवाई किए जाने की जानकारी मिली है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक,भगनपुर मोड़ के समीप मंदाकिनी के किनारे अवैध उत्खनन की शिकायत प्राप्त होने पर एसडीएम ने तहसीलदार कमलेश भदौरिया को कार्रवाई हेतु निर्देशित किया था।**

तहसीलदार श्री भदौरिया ने राजस्व अमले के साथ मौके पर पहुँच कर अवैध उत्खनन कर रहे 5ट्रैक्टरों और 2जेसीबी मशीनों को जब्त कर लिया।जब्तशुदा वाहनों को तहसीलदार द्वारा चित्रकूट थाना परिसर में खड़ा करवा दिया गया है। कमलेश सिंह भदौरिया ने बताया कि जिस आराजी पर अवैध उत्खनन किया जा रहा था,वह बालेश मिश्रा की निजी भूमि बताई जाती है। बालेश मिश्रा द्वारा किराए की जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर लगाकर दिनदहाड़े अवैध



उत्खनन कराया जा रहा था। जिस पर बालेश मिश्रा के खिलाफ प्राकृतिक संरचनाएं नष्ट करने एवं उत्खनन का प्रकरण कायम किया गया है। तहसीलदार द्वारा इस मामले में मौके का प्रतिवेदन एसडीएम को सौंप दिया गया है।

## सरकार की उपलब्धि, मैहर के गहरवारा फार्म में कोदो की खरीदी चालू

**मैहर।** मध्यप्रदेश सरकार ने कोदो खरीदी का कार्य प्रारंभ कर किसानों को राहत प्रदान की है। इसी क्रम में मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी की उपस्थिति में इस कार्य का शुभारंभ किया गया। यह भी जानकारी दी गई कि सरकार 2500 रु क्विंटल और 1000 रु प्रति किसान बोनस के रूप में किसानों को देने का निर्णय लिया है। मैहर के गहरवारा फार्म में इसकी खरीदी शुरू की गई है। आयोजन के



दौरान मैहर विधायक के साथ कृषि विभाग के अधिकारी और गणमान्य नागरिक सहित उपज बेचने वाले किसान मौजूद रहे।आयोजन के दौरान विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहाकि हमारी भाजपा सरकार संवेदनशील सरकार है किसानों का मर्म जानती है इसलिए किसानों की उन्नति उनके विकास उनकी आय बढ़ाने के तमाम जतन करते रहती है।

## कलेक्टर ने सुनी 83 आवेदकों की समस्यायें



**सतना।** कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आये 83 आवेदकों की समस्यायें सुनी और अधिकारियों को तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिये। इस मौके पर अपर कलेक्टर विकास सिंह,डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगडे द्वारा भी आवेदकों की समस्याओं पर जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने,अनुकंपा नियुक्ति,खाद्यान पात्रता पर्ची,दाखिल-खारिज कराने,प्रधानमंत्री आवास योजना,अवैध कब्जा हटाने, विद्युत समस्या,जमीन का कब्जा दिलाने,सीमांकन कराने,दिव्यांग मोटराईज्ड ट्राईसिकिल दिलाने, चिकित्सा सहायता,रोजगार दिलाने,भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।

## मैहर जिले की जनसुनवाई में आये 29 आवेदन

कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने मंगलवार को जनसुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलों से प्राप्त 29 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम दिव्या पटेल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मैहर की वोटर लिस्ट से कट सकते हैं 15-20 हजार से ज्यादा नाम

**मैहर।** मैहर की वोटर लिस्ट में एसआईआर जांच में 20 हजार से ज्यादा नाम संदिग्ध मिले। मृत, शिफ्टेड और गायब वोटरों की पहचान हुई। 16 दिसंबर से प्रक्रिया शुरू होगी। बताया जा रहा है कि मैहर विधान सभा में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन का डिजिटाइजेशन पूरा हो गया है। स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के दौरान करीब 15-20 हजार से अधिक वोटर ऐसे मिले,जो या तो अपने पते पर नहीं पाए गए,स्थायी रूप से कहीं और शिफ्ट हो चुके हैं या फिर उनका निधन हो चुका है। प्रशासन इन प्रविष्टियों को हटाने की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी में है। चूंकि मतदाता सूची का लगभग डिजिटलाइजेशन पूरा हो चुका है,इसलिए सभी आंकड़े अब साफ-सुथरे रूप में सामने आ रहे हैं। डिजिटलाइजेशन में सामने आए गायब,मृत और शिफ्ट हुए मतदाता मैहर विधानसभा में 2,64,565 फॉर्म डिजिटलाइज किए गए। इस प्रक्रिया में उन मतदाताओं की पहचान की गई जिनका डेटा 2003 की मतदाता सूची से मेल नहीं खाता। ऐसे मतदाताओं की संख्या 15-20 हजार से अधिक है। इन्हें नो मैपिग श्रेणी में रखा गया है। यह वो लोग हैं जिनका रिकॉर्ड पुराने दस्तावेजों में भी स्पष्ट नहीं है। जिला प्रशासन ने तय किया है कि इन प्रविष्टियों की 50 दिन तक सुनवाई की जाएगी। यदि निर्धारित समय में दस्तावेज उपलब्ध नहीं हुए तो उनके नाम काटने की कार्रवाई होगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी के मुताबिक,प्रत्येक विधानसभा में अतिरिक्त अधिकारी तैनात होंगे। जिले में सहायक रजिस्ट्रकरण अधिकारी भी नियुक्त किए जाएंगे ताकि हर मतदाता को अपना पक्ष रखने का अवसर मिल सके।बीएलओ घर-घर जाकर फॉर्म लेंगे और जिन मतदाताओं का डेटा नहीं मिलेगा,उन्हें प्रक्रिया अनुसार सूची से हटाया जाएगा।

## एकेएस विश्वविद्यालय में स्थापना-दिवस



**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय का आज का प्रांगण एक अपूर्व दिव्यता एवं द्विगुणित उत्सव का अभूतपूर्व साक्षी बना-जब विश्वविद्यालय स्थापना दिवस और कुलाधिपति बी.पी.सोनी का जन्मदिन एक ही दिवस पर सुशोभित होकर समूचे विश्वविद्यालय परिवार के लिए सौभाग्य का पर्व बन गया। प्रातः 10 बजे से ही सम्पूर्ण परिसर "शुभम भवतु" की मंगल-ध्वनियों से गूँज उठा। शिक्षकों,विद्यार्थियों एवं अधिकारियों ने आदरणीय कुलाधिपति को चिरायु,यशोवर्धन और आरोग्यप्राप्ति की पावन वैदिक शुभकामनाएँ अर्पित कीं। उत्सव का वातावरण ऐसा दीप्तिमान था मानो विश्वविद्यालय स्वयं अपने संरक्षक-पुरुष के अभिनंदन में स्वर्ण-प्रभा से आलोकित हो उठा हो।ज्ञान-दीप से प्रज्वलित स्थापना दिवस: एक स्वप्न के साकार होने की यात्रा। एकेएस विश्वविद्यालय,जिसकी नींव समर्पण,मानव-कल्याण,नवाचार और प्रगति के आदर्शों पर रखी गई थी,आज एक और स्वर्णिम वर्ष में प्रवेश कर रहा है। स्थापना दिवस का यह अवसर न केवल स्मरण का पर्व था, बल्कि उस संकल्प-यात्रा का उत्सव भी था जिसमें-"दृष्टा ने दिशा दी,विचार ने मार्ग गढ़ा,और शिक्षा ने समाज का रूप नवनीत किया।"विश्वविद्यालय परिवार ने इस दिन को सृजन,संस्कृति और संकल्प का प्रतीक बताते हुए हर्ष,गर्व और अपनत्व के साथ मनाया।

# कांग्रेस ने किया कलेक्ट्रेट का घेराव, युवा कांग्रेस ने पुतला दहन कर दिया धरना, इस्तीफे की मांग





**सतना।** मध्य प्रदेश की राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी के भाई की गांजा तस्करी के मामले में गिरफ्तारी के बाद प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। मंगलवार को कांग्रेस पार्टी ने इस मुद्दे पर सत्ताधारी दल और संबंधित मंत्री के खिलाफ तीखा विरोध प्रदर्शन किया है। कांग्रेस की पूर्व विधायक कल्पना वर्मा ने भारी संख्या में अपने समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान,कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार और राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन के उपरांत,पूर्व विधायक कल्पना वर्मा ने राज्यपाल महामहिम के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने मांग की है कि राज्य मंत्री को उनके पद से तत्काल बर्खास्त किया जाए। उनके परिवार से जुड़े मादक पदार्थों की तस्करी के पूरे मामले की न्यायिक जांच कराई जाय। इसके बाद, युवा कांग्रेस ने शहर के सिविल लाइन चौराहे में पुतला दहन कर धरना दिया और राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यदि बर्खास्तगी की कार्यवाही नहीं की गई तो वह भोपाल में मंत्रालय के सामने भी जबरदस्त प्रदर्शन करेंगे।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 593. गजेन्द्र कुमार वर्मा पिता\पति लहा राम वर्मा पता- दोंदेखुर्द हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, 594. भागवत प्रसाद यादव पिता\पति संतराम साहू पता- मकान न. H-16 पुलिस लाइन, 595. अनस सिद्धिकी पिता\पति सरफ राज सिद्धिकी पता- मयूर क्लब पंडरी रायपुर, 596. बिसाहू राम साहू पिता\पति स्व. फगुवा राम साहू पता- गुलाब नगर देवपुरी रायपुर, 597. प्रत्युष बंजारे पिता\पति पिलु राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 598. वैदेही नाग पिता\पति नितीन नाग पता- अश्वनी नगर रायपुर, 599. खोमन लाल वर्मा पिता\पति गोपाल प्रसाद वर्मा पता- बिरगांव रायपुर, 600. दीपक साहू पिता\पति विशाल साहू पता- मांढर, 601. प्रमिला साहू पिता\पति पुनऊ राम साहू पता- मांढर रायपुर, 602. मन्नू राम साहू पिता\पति स्व.सुखनंदन साहू पता- देवरी आरंग, 603. चंदन साहू पिता\पति राकेश कुमार साहू पता-दुतकैया राजिम, 604. डोमेन्द्र ध्रुव पिता\पति दुर्गेश ध्रुव पता- धमतरी, 605. संतोषी बाई पिता\पति शत्रुहन देवांगन पता- कोकड़ी कुरूद, 606. सीमा पटेल पिता\पति भारत पटेल पता- जी जामगांव धमतरी, 607. देवकी यादव पिता\पति सुखेन राम यादव पता-स्टेशन पारा वार्ड न.- 11 राजनादगांव, 608. निशांत यादव पिता\पति प्रदीप यादव पता-राजनादगांव, 609. मोनिषा साहू पिता\पति वी. एल साहू पता- नाका पारा वार्ड न.-01 डोंगरगढ़, 610. नवाब अली पिता\पति कसम अली पता- बेमेतरा, 611. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता- कांकेर, 612. युक्ता साहू पिता\पति श्री फत्ते लाल साहू पता-बालोद, 613. मानसी ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 614. अनीता देवांगन पिता\पति हेमंत देवांगन पता- महासमुंद, 615. नीलकमल मिश्रा पिता\पति स्व. श्री भागवत प्रसाद मिश्रा पता- पांडा तराई कवर्धा, 616. नंदनी नायक पिता\पति स्व. सुखी राम नायक पता- सुहेला, 617. प्रधुम्न वैष्णव पिता\पति खेम वैष्णव पता- सरगीपाल कोंडागांव, 618. तेजेश्वरी पिता\पति आर. त्रिमूर्ति पता- 9F गली न.15 वार्ड 40 सेक्टर 02, 619. हेमलाल वर्मा पिता\पति स्व.मंगलू राम वर्मा पता- इंदिरा कॉलोनी माडल टाउन, 620. सुषमा वर्मा पिता\पति प्रेम लाल वर्मा पता- रवेलीडीह वार्ड न.02, 621. प्रदीप कुमार जैन पिता\पति सुधाकर जैन पता- कैम्प-02 भिलाई, 622. श्रीमती द्रोपती वर्मा पिता\पति धनेश परगनिहा पता- सेक्टर 04 भिलाई, 623. ज्योति सोनी पिता\पति जगदीश प्रसाद सोनी पता- विश्व बैंक कॉलोनी से.-1 भिलाई 3, 624. अफशाना परवीन पिता\पति मो. शामिल पता- कैंप-2 नगर भिलाई, 625. नित्यांश पटेल पिता\पति देवेन्द्र कुमार पटेल पता- मोहलई रोड वार्ड न.56 बछेरा दुर्ग, 626. अंजली पटेल पिता\पति संजय कुमार पटेल पता- मोहलई रोड बछेरा दुर्ग, 627. कीर्ति देवांगन पिता\पति स्व.रमेश देवांगन पता- उतई बंजारी पारा, **बिलासपुर संस्करण –** 628. रजनी तंबोली पिता/पति संतोष तंबोली पता- शांति नगर बाल्को, 629. यशवंत सिंह ठाकुर पिता/पति सुधीर सिंह ठाकुर पता- परसाभाठा बाल्को, 630. हर्ष धीवर पिता/पति दाऊराम धीवर पता- शांति नगर बालको, 631. त्रिषा साहू पिता/पति छवि साहू पता बेलगिरी बालको, 632. नारायण पाल पिता/पति नरेन्द्र पाल पता- नेहरू नगर बालको कोरबा, 633. पंकज पटेल पिता/पति गोवर्धन पटेल पता- बेलाकछार, 634. प्रीति थवाईत पिता/पति अनिल कुमार थवाईत पता- शांति नगर बाल्को, 635. वृंदा साहू पिता/पति चंद्रशेखर साहू पता- परसाभाठा बालको, 636. श्याम बाई नेताम पिता/पति जयसिंह नेताम पता- कोरबा, 637. योगेश साहू पिता/पति गीता साहू पता- बेलाकछार बाल्को, 638. पूर्वी साव, पिता/पति सुरेन्द्र साव पता- परसाभाठा बाल्को, 639. राजेश कुमार बिन्द पिता/पति आर.के. बिन्द पता- शांति नगर बाल्को, 640. रामकुमार कश्यप पिता/पति स्व.पदुमलाल कश्यप पता- गायत्री नगर रजगामार, 641. अहिल्या पांडे पिता/पति लोकनाथ पांडेय पता- कैलाश नगर बाल्को, 642. धनंजय यादव पिता/पति चक्रधर यादव पता- परसाभाठा बाल्को, 643. रतनदास मानिकपुरी पिता/पति चरणदास मानिकपुरी पता- बेलाकछार बाल्को, 644. मंजू साहू पिता/पति नरेन्द्र साहू पता- कांजी हाऊस बाल्को, 645. कमलेश्वरी पिता/पति अनिल खैरवार पता- बस्तीपारा जांजगीर बाल्को, 646. दुर्गेश मरावी पिता/पति राजकुमार मरावी पता- हरदी बाजार, 647. संजय कुमार निर्णेजक पिता/पति भागीरथी निर्णेजक पता- मस्तूरी बाल्कोनगर, 648. तारेश्वरी पिता/पति उल्लू साय साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, 649. संदीप केरकेट्टा पिता/पति नीकोलस केरकेट्टा पता- नेहरू नगर बाल्को, 650. अनिता भट्ट पिता/पति संतोष भट्ट पता- कुमगर बाल्को, **भोपाल संस्करण–** 651. अंतिम गहलोद पिता\पति बालमुकुंद गहलोद पता- एच.एस. टाइपकोटरा सुल्तानाबाद, 652. बबलू वर्मा पिता\पति एच.एन पता- 220 बागसेवनिया, 653. वेदेही पिता\पति विश्वजीत गिरी पता- एच.न.528 शिव मंदिर के पास सेमरा गेटभोपाल, 654. शिव यादव पिता\पति हेमराज पता- यादव नया बसेरागंदी बस्तीकोटरा सुल्तानाबाद, 655. अवनि शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी, 656. कमल सिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 657. आदविक विश्वकर्मा पिता\पति महेन्द्र विश्वकर्मा पता- विदिशा, 658. सरफराज पिता\पति निसार अहमद पता- मकान न. 980 भानपुर विदिशा, **जबलपुर संस्करण–** 659. ओम प्रकाश गौतम पिता\पति सतीश प्रसाद गौतम कोतमा अनूपपुर, 660. मायरा ताम्रकार पिता\पति अमित कुमार ताम्रकार वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर , 661. निशिका गगरेवाल पिता\पति जितेंद्र कुमार वार्ड क्रमांक 10 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 662. राजकुमार साहू पिता\पति - स्वर्गीय रामूलाल साहू ग्राम करौंदी ग्राम शाहपुर, 663. नरेश कुमार साहू पिता\पति शंभू प्रसाद पता- करौंदी ग्राम शाहपुरा डिंडोरी, 664. बृजेश सिंह यादव पिता\पति गजेंद्र सिंह यादव पता- विजय कॉलोनी गाडरवारा, 665. दिव्यांश पुरी गोस्वामी पिता\पति बृजेश पुरी गोस्वामी पता- नयागांव रानी लक्ष्मी बाई वार्ड गाडरवारा, 666. शिवम सोनी पिता\पति राजेश सोनी गाडरवारा।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### महाराजा छत्रसाल शौर्य दर्पण पत्रिका विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर को भेंट



**पन्ना।** पन्ना प्रवास पर आए मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने महाराजा छत्रसाल जी की मूर्ति का अनावरण किया इस अवसर पर मध्य प्रदेश बुंदेली भाषा संस्कृति संरक्षण विकास समिति द्वारा महाराजा छत्रसाल के संबंध में लिखी गई पुस्तक शौर्य दर्पण समिति के अध्यक्ष जगदीश कुशवाहा प्रबोध तथा समिति के उपाध्यक्ष रामेश्वर खरे द्वारा भेंट की गई जिसके लिए विधानसभा अध्यक्ष ने उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय सांसद बीडी शर्मा पूर्व मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह भाजपा अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा श्रीमती शारदा पाठक नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना पांडे सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### सुशील वैभव को भोपाल में मिला वर्ष 2025 का श्री चित्रगुप्त सम्मान




**पन्ना।** गत 07 सितम्बर को भोपाल में दुष्यन्त कुमार संग्रहालय में अखिल भारतीय कायस्थ कवि समागम कवि सम्मेलन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें देशभर से उपस्थित कायस्थ कवि साहित्यकारों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। उक्त कार्यक्रम में पन्ना के सुकवि सुशील खरे वैभव को श्री चित्रगुप्त सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। आयोजन समिति के रामसेवक बुंदेली साहित्य एवं संस्कृति परिषद डबरा के अध्यक्ष श्याम श्रीवास्तव सनम भोपाल शाखा के अध्यक्ष देवेश कुमार देव, डॉ. अरविन्द श्रीवास्तव, असीम दतिया, प्रीति श्रीवास्तव डबरा, डॉ. महेन्द्र खरे सागर, अरविन्द अंशुमान छतरपुर ने सुशील खरे वैभव की रचना धर्मिता की सराहना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनायें दीं। ज्ञात हो कि सुशील खरे वैभव भगवान श्री चित्रगुप्त प्रबन्ध काव्य की रचना की है। जिससे उन्हें कई राज्यों में कायस्थ समाज द्वारा सम्मानित किया गया है। सम्मानित होकर पन्ना लौटने पर सुशील खरे वैभव को पंडित उमादेव उपाध्याय, डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव, एस.कुमार चनपुरिया, श्रीमती शारदा पाठक, मनीष मिश्रा, राकेश शर्मा, संजय बडेरिया, पंकज खरे आदि ने बधाई व शुभकामनायें दी हैं।

### अमानगंज वार्ड क्रमांक 6 में भागवत कथा का भव्य समापन



**अमानगंज।** नगर के वार्ड नंबर 6 में 9 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का समापन धार्मिक उत्साह और पारंपरिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। समापन अवसर पर आयोजित हवनदृयज्ञ, बछिया पूजन और विशाल भंडारे ने पूरे वार्ड में आध्यात्मिक वातावरण को और अधिक पवित्र बना दिया। मंगलवार की सुबह हवन वेदी में कथा व्यास पंडित श्रीराम दुलारे पाठक एवं आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशिष्ट अनुष्ठान संपन्न कराए गए। धार्मिक ध्वनियों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। हवन के बाद हुई बछिया पूजन विधि में बड़ी संख्या में महिलाओं, बुजुर्गों और भक्तों ने भाग लिया। पारंपरिक मान्यता के अनुसार बछिया पूजन को समृद्धि और मंगल का प्रतीक माना जाता है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने धार्मिक आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी कथाएँ समाज में शांति, एकता और आध्यात्मिक जागरूकता को बढ़ावा देती हैं। भागबत कथा आयोजक डॉ रामप्रीत श्रीमती मीरा छिरौलिया परिवार ने कथा को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी सहयोगियों और भक्तों का आभार व्यक्त किया।

### युवाओं में नशे की लत एक चिंता का विषय है



**पन्ना।** देश भर की अधिकांश युवा आबादी नशे की लत की ओर अग्रसर हो रही है। यह एक चिंता का विषय है, इसी संज्ञान में जिले के युवाओं की विश्वशनीय संस्था उन्नत शिखर संघर्ष समिति पन्ना के युवा कार्यकर्ताओं द्वारा अजयगढ़ स्थित ग्राम राजापुर में चौपाल लगाकर स्थानीय ग्रामीणों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के विषय में जानकारियां देते हुए बताया गया कि नशे की लत कई मायनों में खतरनाक हो सकती है।

---

### अमानगंज में मंगलवार का मतलब-साप्ताहिक बाजार नहीं, साप्ताहिक जाम महोत्सव

# 108 एम्बुलेंस जाम में फंसती है पर व्यवस्था आराम से सोती है

गुनौर-अमानगंज मुख्य सड़क मार्ग मंगलवार को कुछ यूँ बदल जाती है मानो सड़क नहीं, दुकानों की प्रदर्शनी और जाम का राष्ट्रीय सम्मेलन चल रहा हो। सड़क किनारे लगने वाला साप्ताहिक बाजार ऐसा फैलता है कि लगता है मानो दुकानदारों ने सड़क को किराए पर ले लिया हो और वाहनों को सिर्फ मेहमान बनकर धीरे-धीरे रेंगने की अनुमति मिली हो।जाम ऐसा कि कछुआ भी आगे निकल जाए।

अमानगंज।



वाहन ऐसे सरकते हैं जैसे कोई बूढ़ा बैल गर्मी में चलने पर मजबूर हो। कभी-कभी तो ऐसा लगता है कि सड़क ने खुद ही हार मान ली हो और कह रही हो, चलो भाई, अब बाजार ही चलाओ* मुझसे ट्रैफिक नहीं संभल रहा।" हैरानी की बात तो यह है कि जीवन बचाने वाली 108 एम्बुलेंस कई बार इसी जाम की गिरफ्त में ऐसी अटक जाती है, मानो मरीज नहीं, पूरा सिस्टम सांस लेने के लिए संघर्ष कर रहा हो।एम्बुलेंस के सायरन की आवाज जाम में ऐसे खो जाती है जैसे प्रशासन की जिम्मेदारी हवा में घुल जाती है। ट्रैफिक व्यवस्था का हाल पूछिए मतकृकोई रोकने वाला नहींकोई हटाने वाला नहींऔर कोई सोचने वाला भी नहीं ऐसा लगता है कि मानो पूरा प्रशासन मंगलवार को अपने कैलेंडर से ही निकाल देता हो। नागरिकों का दर्द, प्रशासन के लिए 'हल्की हवा' सा लगता है ऐसा लगता है की जब तक बाजार सड़क पर ही फलता रहेगा, और जिम्मेदारी सिर्फ कागज़ों में बहती रहेगी, तब तक अमानगंज में मंगलवार को जाम खत्म होने की उम्मीद वही है। जैसे बिना बारिश के नदी भरने की उम्मीद। सड़क किनारे लग रहे बाजार की वजह से गुनौर अमानगंज में मुख्य सड़क मार्ग पूर्णता से बंद हो जाता है और कई कई घंटे जाम की स्थिति देखने से मिलती है जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है पूरे मामले को लेकर नगर वासियों ने मंगलवार की दोपहर 3:00 बजे गंभीर आरोप लगाए हैं।

## उथली हीरा खदान से युवक को मिला 15. 34 कैरेट वजन का बेशकीमती हीरा

पन्ना।

हीरा की खदानों के लिए प्रसिद्ध मध्यप्रदेश के पन्ना जिले की उथली खदान से 15.34 कैरेट वजन वाला जेम क्वालिटी का बेशकीमती हीरा मिला है। हल्के हरे रंग वाला यह नायाब हीरा पन्ना के रानीगंज मुहल्ला निवासी सतीश खटीक को कृष्णा कल्याणपुर की पटी हीरा खदान में मिला है। इस नायाब हीरे की अनुमानित कीमत 50 से 60 लाख रुपये आंकी जा रही है। हीरा अधिकारी रवि पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि हीरा धारक सतीश खटीक ने कलेक्ट्रेट स्थित हीरा कार्यालय में पहुंचकर आज दोपहर में विधिवत हीरे को जमा कर दिया है। आगामी होने



वाली हीरों की नीलामी में इस हीरे को भी बिक्री के लिए रखा जाएगा। हीरा जितनी राशि में भी बिकेगा उसकी रॉयल्टी काटने के बाद शेष राशि हीरा धारक को प्रदान की जाएगी। हीरा पारखी अनुपम सिंह के अनुसार सतीश खटीक को मिला हीरा वजन और क्वालिटी के लिहाज से बहुमूल्य हीरा है, जिसे सरकारी खजाने में जमा कर लिया गया है। हीरा मिलने पर अपनी ख़ुशी का इजहार करते हुए युवक सतीश खटीक ने बताया कि बीते माह 19 नवम्बर को उसे हीरा खदान का पट्टा मिला था। कृष्णा कल्याणपुर स्थित खदान में 20 दिन पहले ही उन्होंने काम शुरू किया था। इतने कम समय में उन्हें यह हीरा मिल गया जिससे हमारी जिंदगी खुशहाल हो जाएगी। हीरा मिलने के बाद से इस युवक के परिवार में जश्न और ख़ुशी का माहौल है, लोग बधाइयाँ दे रहे हैं।

## राजा बाबू कॉलोनी के बड़े बाबू, 30 वर्षों से गैस वेल्डिंग कर संभाल रहे पूरे परिवार की जिम्मेदारी

पन्ना।

राजा बाबू कॉलोनी निवासी सिराजुद्दीन उर्फ बड़े बाबू (45) पिछले तीन दशकों से गैस वेल्डिंग का काम कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। करीब 3.3 फुट की लंबाई होने के बावजूद बड़े बाबू ने कभी अपनी शारीरिक ऊँचाई को कमजोरी नहीं बनने दिया। मेहनत और लगन के दम पर उन्होंने न केवल अपने पेशे में मजबूत पहचान बनाई, बल्कि माता-पिता की मृत्यु के बाद पूरे परिवार की जिम्मेदारी अकेले संभालते हुए संघर्ष को अपनी ताकत में बदला। स्थानीय लोगों के अनुसार, बड़े बाबू रोज़ सुबह जल्दी कार्यस्थल पहुंच जाते हैं



और देर शाम तक काम करते हैं। वे छोटे-बड़े सभी तरह के वेल्डिंग के काम में निपुण माने जाते हैं। क्षेत्र के लोग कहते हैं कि बड़े बाबू का व्यवहार हमेशा मिलनसार रहता है, और वे हर काम को पूरी ईमानदारी से करते हैं। बड़े बाबू बताते हैं कि जीवन में कठिनाइयों की कमी नहीं रही, लेकिन काम और परिवार दोनों को संभालने का हौसला हमेशा बनाए रखा। वे कहते हैं, "माता-पिता के जाने के बाद सबकुछ बदल गया, लेकिन मैंने ठान लिया था कि परिवार को किसी चीज़ की कमी नहीं होने दूँगा। आज बड़े बाबू अपनी मेहनत और संघर्ष की कहानी से कई लोगों के लिए प्रेरणा बने हुए हैं। उनका मानना है कि इच्छाशक्ति और मेहनत के सामने कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती।

## रामपुर में 62 वर्षीय व्यक्ति ने पेड़ से लगाई फांसी, कारण स्पष्ट नहीं



**अमानगंज।** गुनोर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत/ रामपुर में मंगलवार की सुबह एक दर्दनाक घटना तब सामने आई जब गांव के बाहर एक पेड़ से 62 वर्षीय भूरा यादव, पिता फूल सिंह यादव, निवासी रामपुर का शव लटका हुआ पाया गया। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दी।मौके पर पहुंची अमानगंज पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा की कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या का अंदेशा जताया जा रहा है, लेकिन घटना के पीछे के कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाए हैं।परिवारजन भी किसी प्रकार की विवाद या तनाव की जानकारी नहीं दे पाए। पुलिस का कहना है कि परिजनों से पूछताछ और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मृत्यु के कारणों का खुलासा हो सकेगा।घटना से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है।



### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 30 महिलाओं कानसबंदी ऑपरेशन

**अमानगंज।** अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक ही दिन में मंगलवार को 30 महिलाओं के नसबंदी ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न किए गए। बीएमओ डॉ. जयपाल अहिरवार ने मंगलवार रात 8रू00 बजे जानकारी देते हुए बताया कि सभी ऑपरेशन विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा सुरक्षित वातावरण में किए गए, और सभी मरीज पूरी तरह स्वस्थ हैं। ऑपरेशन से पहले- महिलाओं की मेडिकल जाँच परामर्श आवश्यक जांचें पूरी प्रक्रिया के साथ की गईं। ऑपरेशन के बाद महिलाओं को निगरानी में रखा गया और उनके स्वास्थ्य की निरंतर मॉनिटरिंग की गई।

## नगर में ठंड से राहत: जगह-जगह अलाव की व्यवस्था, नगर परिषद की सक्रियता पर जनता ने ली राहत की सांस

अमानगंज।

में तेज़ सर्द हवाओं ने नगर में ठिठुरन बढ़ा दी है, ऐसे में अमानगंज नगर परिषद ने राहत देने के लिए पहल तेज कर दी है। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटीक एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशि कपूर के निर्देशन में मंगलवार देर शाम से नगर के प्रमुख चौराहों, बाज़ार क्षेत्र, बस स्टैंड, अस्पताल परिसर व भीड़भाड़ वाले इलाकों में अलाव की व्यवस्था की गई।नगर परिषद अमानगंज के कर्मियों ने ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए लकड़ियों की आपूर्ति कर अलाव जलवाए, जिससे देर रात तक



राहगीरों और असहाय लोगों ने राहत महसूस की। नगरवासियों ने परिषद की इस त्वरित कार्रवाई को सराहते हुए कहा कि सर्दी में यह व्यवस्था बेहद जरूरी थी, और समय रहते की गई यह पहल उपयोगी साबित हो रही है।नगर परिषद ने बताया कि आने वाले दिनों में ठंड बढ़ने पर और स्थानों पर भी अलाव प्रबंध किए जाएंगे, ताकि किसी को भी ठंड से परेशानी न झेलनी पड़े।अमानगंज में बढ़ती सर्दी के बीच यह व्यवस्था आम लोगों के लिए बड़ी राहत बनकर आई है।

## पन्ना के अजयगढ़ स्थित 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल में होगा उन्नयन

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में डेस्टिनेशन कैबिनेट की बैठक में बुंदेलखंड के विकास पर विशेष फोकस

### दमोह, छतरपुर और बुधनी मेडिकल कॉलेज के लिए 990 नियमित और 615 आउटसोर्स पदों की स्वीकृति

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की खजुराहो में हुई बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

पन्ना।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को खजुराहो के महाराजा छत्रसाल कन्वेंशन सेंटर में हुई डेस्टिनेशन मंत्रि-परिषद की बैठक में बुंदेलखंड के औद्योगिक विकास और रोजगार संपन्न बनाने, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, सड़कों के निर्माण सहित नौरादेही अभ्यारण्य में चीता के रहवास के लिए विकास कार्यों को स्वीकृति जैसे अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए गये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मंत्रि-परिषद के सदस्यों ने बुंदेलखंड के विकास पर केंद्रित विकास के महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने पर करतल ध्वनि से स्वागत किया। बैठक में छतरपुर और दमोह के मेडिकल कालेजों में पदों की स्वीकृति सहित शासकीय चिकित्सालयों के उन्नयन और नवीन पदों के सृजन की भी स्वीकृति दी गई। मंत्रि-परिषद ने बुंदेलखंड क्षेत्र में औद्योगिक विकास को गति देने के उद्देश्य से सागर के औद्योगिक क्षेत्र मसवासी ग्रंट के लिए एक विशेष औद्योगिक प्रोत्साहन पैकेज को मंजूरी दी। इस पैकेज की मदद से एक निवेशक-हितैषी वातावरण तैयार होगा, जिससे यहां 24 हजार 240 करोड़ रूपये के निवेश के रास्ते खुलेंगे। यह प्रयास सीधे तौर पर 29 हजार से अधिक व्यक्तियों को रोजगार प्रदान कर आर्थिक उन्नयन का नया मार्ग खोलेगा। स्वीकृति अनुसार भूमि प्रब्याजी और वार्षिक भू-भाटक की दर केवल एक रुपये प्रति वर्गमीटर निर्धारित की है। इसके अतिरिक्त, विकास शुल्क चुकाने के लिए 20 समान वार्षिक किश्तों की सुविधा दी गई है और संधारण शुल्क 8 रुपये प्रति वर्गमीटर वार्षिक तय किया गया है। निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए स्टाम्प और पंजीयन शुल्क में 100 प्रतिशत प्रतिपूर्ति



की स्वीकृति दी गई है। साथ ही, इकाइयों को वाणिज्यिक उत्पादन शुरू होने की तारीख से पांच वर्षों तक विद्युत शुल्क में छूट दी गई है। वित्तीय सहायता पैकेज के तहत वृहद श्रेणी की औद्योगिक इकाइयों पर उद्योग संवर्धन नीति 2025 और निवेश प्रोत्साहन योजना 2025 के नियम लागू होंगे, जबकि एमएसएमई इकाइयों के लिए एमएसएमई विकास नीति-2025 और एमएसएमई प्रोत्साहन योजना-2025 के प्रावधान प्रभावी होंगे। सीमेंट निर्माण इकाइयों को इस विशेष वित्तीय सहायता पैकेज का लाभ नहीं मिलेगा। यह विशेष पैकेज आगामी पांच वर्षों के लिए प्रभावशील रहेगा।

**सागर से दमोह 76 किलोमीटर फोरलेन मार्ग निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति**

मंत्रि-परिषद द्वारा सागर-दमोह मार्ग, लंबाई 76.680 किमी फोरलेन मय पेव्हड शोल्डर के साथ हाइब्रिड एन्युटी मॉडल के अंतर्गत उन्नयन एवं निर्माण के लिए परियोजना वित्तीय लागत 2,059 करोड़ 85 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई। स्वीकृति अनुसार लागत का 40 प्रतिशत हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल के अंतर्गत मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा राज्य राजमार्ग निधि से जीएसटी सहित वहन किया जाएगा। शेष 60 प्रतिशत राशि का प्रावधान संचालन अवधि में 15 वर्षों तक 6 माही एन्युटी के रूप में राज्य बजट के माध्यम से किया जाएगा। इसके अतिरिक्त भू अर्जन एवं अन्य कार्यों के लिए 323 करोड़ 41 लाख रूपये का भुगतान भी राज्य बजट से किया जाएगा। परियोजना अंतर्गत 13 अंडरपास, 3 वृहद पुल, 9 मध्यम पुल, एक आरओबी, 13 वृहद जंक्शन और 42 मध्यम जंक्शन का निर्माण किया जायेगा।

**दमोह, छतरपुर और बुधनी मेडिकल कॉलेज के लिए नियमित और आउटसोर्स पदों की स्वीकृति-** मंत्रि-परिषद



द्वारा नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दमोह, छतरपुर और बुधनी के संचालन के लिए 990 नियमित और 615 आउटसोर्स पदों की स्वीकृति दी गई है। स्वीकृति अनुसार प्रत्येक चिकित्सा महाविद्यालय में 330 नियमित पद सृजन और 205 व्यक्तियों को आउटसोर्स पर नियोजित किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

**वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व नौरादेही को चीतों के रहवास के लिए विकसित करने की सैद्धांतिक स्वीकृति-** मंत्रि-परिषद द्वारा सागर में वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व नौरादेही को चीतों के तीसरे रहवास के रूप में विकसित करने के लिए सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई है। सितंबर 2022 में कूनो राष्ट्रीय उद्यान श्योपुर में पहला और अप्रैल 2025 में गांधी सागर अभयारण्य मंदसौर में दूसरा चीता रहवास प्रारंभ किया गया है। कूनो राष्ट्रीय उद्यान श्योपुर में 28 और गांधी सागर अभयारण्य मंदसौर 02 चीतों का रहवास है। इसके अतिरिक्त जनवरी 2026 में बोत्सवाना से 8 चीते कूनो में पहुंचना संभावित हैं।

**दमोह के तेंदूखेड़ा में 165 करोड़ से अधिक की झापन नाला मध्यम सिंचाई परियोजना को स्वीकृति-** मंत्रि-परिषद द्वारा दमोह जिले की तेंदूखेड़ा तहसील की झापन नाला मध्यम सिंचाई परियोजना के लिए 165 करोड़ 6 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। परियोजना के तहत तेंदूखेड़ा तहसील के 17 ग्रामों का कुल 3600 हेक्टेयर क्षेत्र सिंचित होगा।

**11 जिलों में 12 स्वास्थ्य संस्थाओं के उन्नयन और 348 पदों की स्वीकृति-** मंत्रि-परिषद ने 11 जिलों की 12 स्वास्थ्य संस्थाओं के उन्नयन प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। निर्णय अनुसार नीमच जिले के भादवामाता उप स्वास्थ्य केंद्र को 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन किया जाएगा। शाजापुर के मक्सी स्थित 6 बिस्तरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उन्नयन 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल में किया जाएगा। इसी प्रकार उज्जैन के जीवाजीगंज और खंडवा के ओंकारेश्वर स्थित 20 बिस्तरीय सिविल अस्पतालों का विस्तार कर उन्हें 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल बनाया जाएगा।

पन्ना के अजयगढ़, खरगौन के महेश्वर, सिंगरौली के देवसर और रीवा के हनुमना स्थित 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को 50 बिस्तरीय सिविल अस्पतालों में अपग्रेड किया जाएगा। बड़े उन्नयन कार्यों में बैतूल के भीमपुर, सिंगरौली के चितरंगी और अनूपपुर के कोतमा स्थित 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को 100 बिस्तरीय सिविल अस्पतालों में बदलना शामिल है। साथ ही, सागर जिले के बीना स्थित 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल का उन्नयन कर उसे 100 बिस्तरीय किया जाएगा। संस्थाओं के संचालन के लिए मंत्रि-परिषद ने 345 नियमित और 03 संविदा पदों के सृजन को मंजूरी दी है। साथ ही 136 व्यक्तियों को आउटसोर्सिंग के माध्यम से रखने की स्वीकृति भी दी गई है। इस पूरी प्रक्रिया में 27 करोड़ 17 लाख रुपये का वार्षिक व्यय किया जायेगा।

**पिछड़ा वर्ग के 600 युवाओं को 2 वर्ष में रोजगार के लिए जापान और जर्मनी भेजने का निर्णय-** मंत्रि-परिषद द्वारा पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की विभागीय योजनांतर्गत, अन्य पिछड़ा वर्ग के 600 युवाओं को दो वर्षों में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सोशल इंपैक्ट बांड वित्तीय उपकरण का प्रयोग कर जापान एवं जर्मनी भेजे जाने के लिए प्रस्तुत परियोजना प्रस्ताव की स्वीकृति प्रदान की गई।

**अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए 397.54 करोड़ रुपये की स्वीकृति-** मंत्रि-परिषद द्वारा 15वें वित्त आयोग की अनुशंसानुसार प्रदेश में अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए 397 करोड़ 54 लाख रुपये की कार्ययोजना की स्वीकृति प्रदान की गई। कार्ययोजना की वित्तीय लागत में 75 प्रतिशत केंद्रांश राशि 297 करोड़ 15 लाख रुपये और 25 प्रतिशत राज्यांश राशि 100 करोड़ 38 लाख 50 हजार रुपये होगा। मंत्रि-परिषद की बैठक वंदे-मातरम् गान के साथ प्रारंभ हुई।

# छतरपुर मेडिकल कॉलेज के लिए 330 नियमित और 205 आउटसोर्स पदों की स्वीकृति



छतरपुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को खजुराहो के महाराजा छत्रसाल कन्वेंशन सेंटर में हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में बुंदेलखंड के औद्योगिक विकास और रोजगार संपन्न बनाने, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, सड़कों के निर्माण सहित नौरादेही अभ्यारण्य में चीता के रहवास के लिए विकास कार्यों को स्वीकृति जैसे अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए गये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मंत्रि-परिषद के सदस्यों ने बुंदेलखंड के विकास पर केंद्रित विकास के महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने पर करतल ध्वनि से स्वागत किया गया। बैठक में छतरपुर मेडिकल कालेज में पदों की स्वीकृति सहित शासकीय चिकित्सालयों के उन्नयन और नवीन पदों के सृजन को भी स्वीकृति दी गई।

मंत्रि-परिषद ने बुंदेलखंड क्षेत्र में औद्योगिक विकास को गति देने के उद्देश्य से सागर के औद्योगिक क्षेत्र मसवासी ग्रंट के लिए एक विशेष औद्योगिक प्रोत्साहन पैकेज को मंजूरी दी। निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए स्टाम्प और पंजीयन शुल्क में 100 प्रतिशत प्रतिपूर्ति की स्वीकृति दी गई है। साथ ही, इकाइयों को वाणिज्यिक उत्पादन शुरू होने की तारीख से पांच वर्षों तक विद्युत शुल्क में छूट दी गई है। यह विशेष पैकेज आगामी पांच वर्षों के लिए प्रभावशील रहेगा। मंत्रि-परिषद द्वारा नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय छतरपुर के संचालन के लिए 330 नियमित और 205 आउटसोर्स पदों की स्वीकृति दी गई है। मंत्रि-परिषद द्वारा 15वें वित्त आयोग की अनुशंसानुसार प्रदेश में अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए 397 करोड़ 54 लाख रुपये की कार्ययोजना की स्वीकृति प्रदान की गई। कार्ययोजना की वित्तीय लागत में 75 प्रतिशत केंद्रांश राशि 297 करोड़ 15 लाख रुपये और 25 प्रतिशत राज्यांश राशि 100 करोड़ 38 लाख 50 हजार रुपये होगा। मंत्रि-परिषद की बैठक वंदे-मातरम् गान के साथ प्रारंभ हुई।

### महाराजा छत्रसाल और सरदार पटेल की प्रतिमा का हुआ अनावरण -



मुख्यमंत्री ने बुंदेलखंड के गौरव महाराज छत्रसाल की प्रतिमा और सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा का खजुराहो में अनावरण भी किया। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड हीरों और महावीरों की धरती है। यह मंदिरों की नगरी है। उन्होंने कहा कि महाराज छत्रसाल के कार्य काल में बुंदेलखंड की महाविजय होती थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाराजा छत्रसाल के शौर्य को नमन किया।

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की खजुराहो में हुई बैठक में लिए गए निर्णय

### लाड़ली बहनों को भेजी 31वीं किस्त

राजनगर में आयोजित लाड़ली बहना सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश की 1.26 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों को 1857 करोड़ रुपए राशि अंतरित किए, इनमें छतरपुर की 3 लाख 24 हजार से अधिक लाड़ली बहनें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में अब तक 46 हजार 500 करोड़ की राशि बहनों के खातों में अंतरित की जा चुकी है। बहनें अपने परिवार के संचालन में भी सहयोग कर रही हैं। बहनों के आशीर्वाद से राज्य सरकार निरंतर विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से बहनों को पक्के मकान और उज्जवला गैस कनेक्शन भी दिए जा रहे हैं।



### 510 करोड़ की लागत वाले 29 विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुंदेलखंड के चहुँमुखी विकास के लिए 270 करोड़ लागत के 9 विकास कार्यों का भूमि-पूजन और 240 करोड़ लागत के 20 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें 2 सांदीपनि विद्यालय और स्वास्थ्य संस्थान शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खजुराहो में बड़ा कन्वेंशन सेंटर और फाइव स्टार होटल बनाया जाएगा। राजनगर में राजगढ़ पैलेस की सौगत मिल रही है। इससे पर्यटन क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। बुंदेलखंड के दमोह, छतरपुर, पन्ना और कटनी में 4 मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जायेंगे। केन-बेतवा लिंक परियोजना से क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 2 नेशनल हाइवे को जोडऩे वाले फोर लाइन सड़क की सौगात दमोह-सागर को मिलने जा रही है।

### बुंदेलखंड के चहुंमुखी विकास में कोई कसर नहीं छोड़ रहे सीएम : वीडी शर्मा

इस मौके पर खजुराहो सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुंदेलखंड के चहुंमुखी विकास में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। राज्य सरकार जो कहती है करके दिखाती है। सरकार ने लाड़ली बहनों के खातों में प्रतिमाह 3000 रुपए भेजने का संकल्प लिया था, जिसे धीरे-धीरे पूरा करने की ओर आगे बढ़ रहे हैं। वहीं राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया ने कहा कि बुंदेलखंड में डेस्टिनेशन कैबिनेट कर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अनुपम सौगात दी है। पिछले 2 वर्षों में खजुराहो में विकास से संबंधित महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। आज सूखे और पिछड़े बुंदेलखंड को विकास की नई पहचान मिल रही है। लाड़ली बहना सम्मेलन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार, विधायक छतरपुर ललिता यादव, विधायक राजनगर अरविन्द पटैरिया, विधायक महाराजपुर कामाख्या प्रताप सिंह, विधायक राजेश शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या अग्निहोत्री, चंद्रभान सिंह गौतम सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों में कमिश्नर अनिल सुचारी, आईजी हिमानी खन्ना, डीआईजी विजय खत्री, कलेक्टर पार्थ जैसवाल, एसपी अगम जैन, जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### उच्च शिक्षा मंत्री को विश्वविद्यालय के छात्रों ने सौंपा ज्ञापन

छतरपुर। महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में लंबे समय से व्याप्त भ्रष्टाचार एवं प्रशासनिक अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए मध्यप्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री द्वारा कुलगुरु प्रो. शुभा तिवारी पर धारा 52 लगाकर उन्हें पद से हटाने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश सरकार की इस कार्रवाई को छात्रों ने स्वागत योग्य कदम बताते हुए इसे पारदर्शिता एवं भ्रष्टाचार-विरोधी नीति की दिशा में महत्वपूर्ण बताया है।छात्रों ने बीती शाम विश्वविद्यालय पहुंचे उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि कुलगुरु पर की गई कार्रवाई सराहनीय है, लेकिन इस पूरे प्रकरण के प्रमुख आरोपी बताए जा रहे कुलसचिव यशवंत पटेल एवं लिपिक आकाश जैन के विरुद्ध अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। छात्रों के अनुसार दोनों व्यक्तियों की भूमिका अत्यंत गंभीर है, इसलिए इनके खिलाफ भी त्वरित एवं कठोर कार्यवाही आवश्यक है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि यदि मुख्य आरोपियों पर कार्रवाई नहीं होती है, तो विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा प्रभावित होगी और बुंदेलखंड क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों का भविष्य जोखिम में पड़ सकता है। छात्रों ने उच्च शिक्षा मंत्री से मांग की है कि जैसे कुलगुरु पर कार्रवाई की गई, उसी प्रकार इन दोनों आरोपियों पर भी सख्त दंडात्मक कदम उठाए जाएं।

#### मौके पर न मुख्यमंत्री पहुंचे न मंत्री-विधायक, दिखाई संवेदनहीनता

## गौतम रिसॉर्ट के मृत कर्मचारियों के परिजनों ने खजुराहो में लगाया जाम

### 6 घंटे तक बाधित रहा आवागमन, बदलना पड़ा सीएम का रूट

छतरपुर। बीते रोज पर्यटन नगरी के गौतम होटल एंड रिसॉर्ट के करीब एक दर्जन कर्मचारी फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए थे, जिन्हें पहले स्थानीय अस्पताल और इसके बाद क्रमशः छतरपुर तथा ग्वालियर रेफर किया गया था। मंगलवार की सुबह इन बीमार कर्मचारियों में से 3 कर्मचारियों की मौत हो गई, जिसमें बाद खजुराहो में कोहराम की स्थिति बन गई। चूंकि कैबिनेट बैठक के लिए आए मुख्यमंत्री भी इस समय खजुराहो में थे इसलिए जिला प्रशासन और पुलिस ने तुरंत मोर्चा संभालकर लोगों को शांत कराने का प्रयास किया लेकिन लोग नहीं माने और सीएम के खजुराहो से रवाना होने तक लगातार हंगामा करते रहे। इस दौरान न तो मुख्यमंत्री परिजनों से मिलने पहुंचे और न अन्य कोई मंत्री-विधायक, जिसके बाद लोगों ने इसे सरकार की संवेदनहीनता कहा।





प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को खजुराहो के गौतम होटल एंड रिसॉर्ट में काम करने वाले कर्मचारी रवि कोंदर, दयाराम रैकवार, रामस्वरूप कुशवाहा, हार्दिक सोनी, बिहारी पटेल, गिरजा रजक, प्रागीलाल कुशवाहा, दयाराम कुशवाहा, गोविंद कुशवाहा, राजकुमारी और रोशनी की अचानक तबियत बिगडऩे पर उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चूंकि सभी कर्मचारियों की हालत खराब थी, इसलिए उन्हें तुरंत जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। जिला अस्पताल में इलाज के बाद जब कुछ कर्मचारियों की हालत ठीक नहीं हुई तो चिकित्सकों ने ग्वालियर रेफर किया, जहां मंगलवार की सुबह प्रागीलाल कुशवाहा, गिरजा रजक और रामस्वरूप कुशवाहा ने दम तोड़ दिया, जिसकी पुष्टी सीएमएचओ डॉ. आरपी गुप्ता ने की। वहां जैसे ही कर्मचारियों की मौत की खबर खजुराहो पहुंची वैसे ही लोगों में आक्रोश फैल गया। नाराज भीड़ सड़क पर उतरकर हंगामा करने लगी। सबसे पहले मृतकों के परिजन और कुछ अन्य लोगों ने राजनगर में चक्काजाम किया। किसी तरह जिला प्रशासन और पुलिस ने उन्हें शांत कराकर हटाया लेकिन लोग नहीं माने इसके बाद भीड़ खजुराहो की पुरानी बस्ती के पास पहुंचकर हंगामा करने लगी। इस दौरान खजुराहो नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष कविता राजे और समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष कपूर सिंह यादव सहित पार्टी के कार्यकर्ता, मृतकों के परिजन और कुशवाहा समाज के पदाधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने यह भी कहा कि आधा दर्जन कर्मचारियों की मौत हो गई लेकिन मुख्यमंत्री और अन्य मंत्रियों की उपस्थिति के कारण सही जानकारी नहीं दी जा रही है। नाराज भीड़ हंगामा करते-करते चंदेला चौराहा तक पहुंच गई थी, जहां करीब 4 घंटे तक हंगामा चला। इस दौरान कई प्रशासनिक अधिकारियों से प्रदर्शनाकरियों की तीखी नोंक-झोंक हुई। प्रदर्शनकारी मृतक के परिजनों के लिए एक करोड़ रुपये के मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी की मांग कर रहे थे। चूंकि मुख्यमंत्री मोहन यादव को इसी रूट से गुजरना था इसलिए लोगों की नाराजगी के मद्देनजर सीएम को रूट बदलकर उन्हें खजुराहो एयरपोर्ट ले जाया गया। मुख्यमंत्री के जाने के बाद प्रदर्शनाकारी बमुश्किल शांत हुए। एडीएम मिलिंद नागदेवे एवं एएसपी आदित्य पटले का कहना था कि स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने होटल पहुँचकर भोजन के सैंपल ले लिए हैं, जांच जारी है। जैसे ही सही जानकारी सामने आएगी, जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई होगी।

### जिला प्रशासन ने शोकाकुल परिवारों को दी त्वरित सहायता -

वहीं दूसरी ओर फूड प्वाइजनिंग से हुई तीन कर्मचारियों की मौत के मामले को तत्काल संज्ञान लेते हुए कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने परिजनों को तुरंत सहायता राशि स्वीकृत की। रेडक्रॉस सोसायटी से 20-20 हजार रुपये की तात्कालिक आर्थिक सहायता और अंत्येष्टि के लिए 5-5 हजार रुपये की तत्काल सहायता राशि दी गई।

## 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली लोक अदालत में नगर निगम से संबंधित प्रकरणों का करायें निराकरण: नगर निगम आयुक्त



### नगर निगम आयुक्त ने की राजस्व वसूली की समीक्षा

सिंगरौली। 9 दिसम्बर /नगर निगम आयुक्त श्रीमती सविता प्रधान ने आगामी 13 दिसम्बर को आयोजित होनी वाली लोक अदालत के तैयारियो सहित राजस्व वसूली की समीक्षा की। उन्होने निर्देश दिए कि बड़े बकायेदारों से कड़ाई कर करों की वसूली करे। बैठक में आयुक्त ने वार्डवार वसूली एवं डिमांड की जानकारी लेकर डिमांड के विरूद्ध वसूली करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपायुक्त एवं राजस्व अधिकारी आर पी बैस को निर्देश दिए कि आगामी 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली लोक अदालत का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कराकर बकायेदारो को लोक अदालत में मिलने वाली छूट का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करे। साथ ही निर्देश दिए कि राजस्व निरीक्षको के माध्यम से सम्पत्ति कर, भू भटक, जल कर दुकान किराया का अधिक से अधिक नोटिस तामिल कर प्रकरणो का लोक अदालत के माध्यम से निराकरण कराये। निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि प्रत्येक वार्ड प्रभारी डिमांड के विरूद्ध मकान की संख्या एवं सम्पत्ति करदाता के संबंध में मांग पंजी से मिलान करें। साथ ही वसूली में तेजी लाने जोर लगाए।उन्होंने वित्तीय वर्ष पर शत प्रतिशत वसूली के निर्देश दिये।आयुक्त ने निर्देश दिए कि प्रत्येक वार्ड प्रभारी घर-घर जाकर वसूली करे, उन्होंने ये भी कहा कि अगर कोई करदाता टैक्स देने में आना कानी करते है उनके विरूद्ध कुर्की की कार्यवाही प्रस्तावित करे।

### पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित



09 दिसम्बर 2025 को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सर्वप्रिय सिन्हा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सिंगरौली में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदकों ने अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं। जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक फरियादी से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएँ गंभीरता से सुनीं। कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया तथा शेष आवेदनों पर त्वरित एवं वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु संबंधित राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में नगर पुलिस अधीक्षक विंध्यनगर पी. एस.परस्ते, थाना प्रभारी बैढ़न अशोक सिंह परिहार,थाना प्रभारी नवानगर कपूर त्रिपाठी, थाना प्रभारी विंध्यनगर अर्चना दिवेदी, महिला थाना प्रभारी आराधना सिंह परिहार, उप निरीक्षक स्वतंत्र रावत सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। महिला फरियादियों की शिकायतों पर विशेष ध्यान देते हुए महिला अधिकारियों द्वारा उनकी काउंसलिंग कराई गई तथा उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। सिंगरौली पुलिस आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर है तथा जनहित में ऐसी जनसुनवाई कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे।

## कलेक्टर ने की 395 आवेदन पत्रों पर जन सुनवाई

### विभागीय अधिकारी जन सुनवाई के आवेदनों का गंभीरता से करें निराकरण करें अधिकारी: बैनल



सिंगरौली 9 दिसम्बर 2025 / शासन के मंशानुसार हर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जन सुनवाई में कलेक्टर गौरव बैनल के द्वारा 395 आवेदन पत्रो पर जन सुनवाई कर आवेदनकर्ताओ की समस्याओ को गंभीरता से सुना गया। कलेक्टर श्री बैनल जन सुनवाई में आने वाले आवेदनकर्ता की समस्या सुनने के पश्चात उपस्थित संबंधित अधिकारियों से उनके समस्याओ का जनसुनवाई में ही निराकरण कराया गया। साथ ही ऐसे आवेदन जिनका निराकरण जन सुनवाई मे नही हो सका संबंधित अधिकारियो को निर्देश दिए गए कि आवेदन पत्रो का निर्धारित समय सीमा में निराकरण कर आवेदनकर्ता को अवगत कराये।जनसुनवाई में अपना आवेदन देते हुयें लालचंद जयसवाल निवासी ग्राम कर्सुआ लाल ने कलेक्टर को अवगत कराया कि मेरे घर मे आग जल रही थी आचनक आग में गिर जाने के कारण मेरी चार वर्षीय पुत्री का दाया अंग गंभीर रूप से जल गया था। जिसकी वजह से मेरी पुत्री सीधा हाथ पूरी तरह से फैलाने मे असमर्थ है। मै उसका ईलाज करा रहा हू लेकिन डाक्टर द्वारा कहा गया है कि शरीर के दायें अंग में बर्न कैट्रेक्चर होने की वजह से आपकी पुत्री पूरा हाथ नही फैला पा रही है इसके लिए ईलाज हेतु प्लास्टिक सर्जरी कर आपरेशन किया जाना अति आवश्यक है। मै गरीब हू मेरी घर की आर्थिक स्थिति इतनी मजबूत नही की मै अपनी पुत्री का आपरेशन करा सकू मुझे आर्थिक सहायता प्रदान की जायें। कलेक्टर ने जन सुनवाई में ही तत्काल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को बच्ची का समुचित ईलाज कराने हेतु निर्देशित किया।

वही जन सुनवाई में ग्राम धतूरा बरवा ग्राम पंचायत करकोसा निवासी रिषु दुबे, ओम प्रकाश दुबे, गोरख नाथ दुबे आम रास्ता बहाल करने हेतु आवेदन दिया आवेदनकर्ताओ ने अवगत कराया कि आम रास्ते पर अतिक्रमण कर लिया गया जिसके कारण हम लोगो के आवागमन में कठिनाई उत्पन्न हो रही आम रास्ता बहाल कराया जायें। जिस पर कलेक्टर द्वारा तहसीलदार सिंगरौली को परीक्षण कर तत्काल आम रास्ता बहाल कराने हेतु निर्देशित किया गया। आवेदक रामपाल राजेद्र ग्राम पोड़ी द्वारा नक्शा तरमीम में सुधार कराने हेतु आवेदन दिया। वही हृदय लाल जयसवाल पिता राम बिचारे जयसवाल निवासी ग्राम कुर्सआ लाल द्वारा सीमांकन किए जाने के संबंध में एवं बाबूलाल अगरिया ग्राम झलरी सरई द्वारा नामातरण किए जाने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर द्वारा संबंधित तहसीलदारो को समय पर प्रकरणो का निराकरण कराये जाने के निर्देश दिए गए। मानमती संतलाल निवासी रजमिलान के द्वारा बिजली बिल के नाम पर अवैध वशूली से संबंधित आवेदन दिया गया वही निर्मला देवी निवासी ग्राम बरगवा के द्वारा लाडली बहना योजना के तहत लाभ दिलाए जाने से संबंधित आवेदन दिया गया जिससे सुनने के पश्चात कलेक्टर द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियो को आवेदनो का समय सीमा के अंदर निराकरण करने के निर्देश दिए। वही शासन की विभिन्न योजनाओं के लाभ दिए जाने हेतु आवेदन प्राप्त किए गए जिनमें किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाये जाने हेतु रमाकांत प्रजापति ग्राम कचनी, रीता पिता दशरथ ग्राम रौड़ी द्वारा योजना का लाभ दिलाये जाने हेतु आवेदन दिया। जन सुनवाई के दौरान प्रभारी अपर कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सिंगरौली सुरेश जाधव, तहसीलदार जान्हवी शुक्ला सहित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### कलेक्टर ने जय ज्योति सीनियर सेकेण्डरी स्कूल जेपी नगर को दिया कारण बताओ नोटिस

रीवा। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने जय ज्योति सीनियर सेकेण्डरी स्कूल जेपी नगर के संचालक/प्राचार्य को अभिभावकों की बिना जानकारी के शुल्क में वृद्धि किये जाने तथा विद्यालय प्रबंधन द्वारा टीसी न दिये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उल्लेखनीय है कि गतदिनों जनसुनवाई में अभिभावकों द्वारा स्कूल प्रबंधन द्वारा मनमानी शुल्क वृद्धि व टीसी न देने की शिकायत की गई थी। तीन सदस्यीय प्राचार्यों की जांच समिति द्वारा दिये गये जांच प्रतिवेदन में विद्यालय प्रबंधन द्वारा मध्यप्रदेश निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित विषयों के विनिमयन का उल्लंघन पाया गया। कलेक्टर द्वारा विद्यालय प्रबंधन को 2 लाख रूपये की शास्ति अधिरोपित किये जाने का नोटिस जारी करते हुए तीन दिवस में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं।

### जमीनी विवाद में खूनी संघर्ष, 2 घायल

रीवा। जमीनी विवाद में दो सगे भाईयों पर दूसरे पक्ष के लोगों ने हमला कर दिया जिससे उनके सिर पर गंभीर चोट पहुंची। घायलों को उपचार के लिए संजय गंधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना सतना जिले के रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र के त्योंधरी गावं की है। बताया गया कि जमीनी विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के दो सगे भाइयों पर जानलेवा हमला कर दिया। लाठी डंडों से किए गए हमले में दोनों भाइयों के सर फूट गए और वह गंभीर रूप से घायल हुए है। घटना रविवार दोपहर की है। घायल बृजनंदन सिंह बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव में स्थित जमीन को लेकर दूसरे परिवार से विवाद चल रहा था। पीड़ित की माने तो कोर्ट से उनके पक्ष में फैसला आने देने के बाद भी दूसरे पक्ष द्वारा ना तो खेत में लगी फसल को काटने दिया जा रहा है और ना ही फसल बोने दी जा रही है। इसी बात को लेकर उनके साथ हमला किया गया है। पीड़ितों ने घटना की शिकायत संबंधित थाना पुलिस से की है, जिसके बाद पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### पंचायत उपचुनाव के लिए रिटर्निंग आफीसर नियुक्त

रीवा। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतराज संस्थाओं में रिक्त पदों के निर्वाचन के लिए कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। निर्वाचन के लिए आयोग द्वारा रिटर्निंग आफीसर तथा सहायक रिटर्निंग आफीसर तैनात कर दिए गए हैं। जिला पंचायत के वार्ड क्रमांक 16 के सदस्य के निर्वाचन के लिए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल को रिटर्निंग आफीसर बनाया गया है। अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी तथा एसडीएम मनगवां संजय जैन को सहायक रिटर्निंग आफीसर बनाया गया है। जिला पंचायत सदस्य पद के लिए नामांकन पत्र कलेक्टर न्यायालय में प्राप्त किए जाएंगे।जारी आदेश के अनुसार जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान में ग्राम पंचायत जरहा के सरपंच पद के चुनाव के लिए तहसीलदार रायपुर कर्चुलियान विनयमूर्ति शर्मा को रिटर्निंग आफीसर तथा नायब तहसीलदार शारदा प्रजापति को सहायक रिटर्निंग आफीसर बनाया गया है। जनपद पंचायत गंगेव की ग्राम पंचायत महमूद पुर के सरपंच पद के चुनाव के लिए तहसीलदार मनगवां आंचल अग्रहरि को रिटर्निंग आफीसर तथा नायब तहसीलदार अजय मिश्रा को सहायक रिटर्निंग आफीसर बनाया गया है। जिले में पंच पदों के निर्वाचन के लिए जनपद पंचायत रीवा में तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला को रिटर्निंग आफीसर तथा नायब तहसीलदार तेजपति सिंह को सहायक रिटर्निंग आफीसर बनाया गया है। जनपद पंचायत त्योंथर में पंच पद के लिए तहसीलदार त्योंथर राजेन्द्र शुक्ला को रिटर्निंग आफीसर तथा नायब तहसीलदार वीरेन्द्र द्विवेदी को सहायक रिटर्निंग आफीसर बनाया गया है। जनपद पंचायत जवा में तहसीलदार जितेन्द्र तिवारी को रिटर्निंग आफीसर तथा नायब तहसीलदार निवेदिता त्रिपाठी को सहायक रिटर्निंग आफीसर बनाया गया है। जनपवद पंचायत सिरमौर में अनुपम पाण्डेय को रिटर्निंग आफीसर तथा नायब तहसीलदार सेमरिया राजेश तिवारी को सहायक रिटर्निंग आफीसर बनाया गया है।

## सिंचाई परियोजनाओं के लिए भू-अर्जन में देरी न करें

# बहुती नहर का कार्य 31 जनवरी तक अनिवार्य रूप से पूरा करें - कमिश्नर

**कमिश्नर बीएस जामोद ने कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में संभाग की सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि बहुती नहर परियोजना का कार्य 31 जनवरी तक अनिवार्य रूप से पूरा कराएं। जिससे किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिल सके।**

रीवा।



नहर में लाइनिंग, मुख्य गेट और बायोडक्ट का कार्य 15 जनवरी तक पूरा कराएं। इस परियोजना से 65 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा मिलेगी। नईगढ़ी फ्लो सिंचाई परियोजना से भी किसानों को पानी उपलब्ध कराएं। जल संसाधन विभाग के इंजीनियर लगातार क्षेत्र का भ्रमण करके सिंचाई के लिए पानी का व्यवस्थित वितरण कराएं। किसानों से सतत संपर्क रखकर सिंचाई के संबंध में फीडबैक प्राप्त करें। किसानों द्वारा बताई गई कठिनाई को तत्काल दूर कराएं। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि सिंचाई परियोजनाओं के लिए आवश्यक भू-अर्जन में देरी न करें। समय पर प्रस्ताव कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तुत करें। जहाँ वनभूमि में निर्माण कार्य आवश्यक है वहाँ ऑनलाइन आवेदन करके वन विभाग की अनुमति प्राप्त करें। इसके लिए आवश्यक होने पर जल संसाधन और वन विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से भूमि का सर्वे करें। कार्यपालन यंत्री वन विभाग और कलेक्टर कार्यालय से संपर्क में रहकर भू-अर्जन के प्रकरणों का निराकरण कराएं। हनुमना-सीतापुर लिफ्ट इरिगेशन परियोजना के मुख्य बांध के निर्माण के लिए वन विभाग की अनुमति के बाद ही कार्य शुरू कराएं। दौरी सागर बांध निर्माण के लिए कलेक्टर सतना द्वारा 239 हेक्टेयर भूमि वन विभाग को उपलब्ध करा दी गई है तथा 93 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित की गई है। वन विभाग को प्रस्तावित भूमि हस्तांतरित करके बांध का निर्माण शुरू कराएं। बैठक में गोड़ सागर परियोजना जिला सीधी, मझगवां बांध जिला सतना तथा अन्य सिंचाई परियोजनाओं की भी समीक्षा की गई।बैठक में मुख्य अभियंता जल संसाधन एके डेहरिया ने बताया कि सीतापुर-हनुमना लिफ्ट इरिगेशन से चार जिलों में एक लाख 20 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी। इसमें वन भूमि में निर्माण कार्य तथा पर्यावरण स्वीकृति के लिए आवेदन कर दिया गया है। वन विभाग के साथ संयुक्त रूप से सर्वेक्षण करके भू-अर्जन की बाधाएं दूर की जाएंगी। गोड़ परियोजना में सीधी जिले के ग्राम गोतरा में 70 हेक्टेयर जमीन का भू-अर्जन किया जा रहा है। दौरी सागर बांध निर्माण के लिए वन विभाग द्वारा शर्तों के साथ अनुमति दी गई है। बांध का निर्माण कार्य अभी निजी भूमि स्वामियों से अर्जित जमीन पर शुरू किया जाएगा। बांध भरने के बाद वन क्षेत्र डूब में आएगा। जब तक वन विभाग की अनुमति नहीं मिलेगी तब तक बांध के गेट नहीं बंद किए जाएंगे। मंदाकिनी नदी को सदानीरा बनाने के लिए इसका निर्माण कार्य तत्काल शुरू किया जाना आवश्यक है। बैठक में संयुक्त आयुक्त एलएल अहिरवार तथा संभाग के सभी जिलों के सिंचाई परियोजनाओं के कार्यपालन यंत्री उपस्थित रहे।



## कमिश्नर और अन्य अधिकारी साइकिल से पहुंचे कार्यालय

रीवा।

पर्यावरण की सुरक्षा तथा स्वयं की स्वास्थ्य रक्षा रक्षा के उद्देश्य से सप्ताह में मंगलवार के दिन कमिश्नर बीएस जामोद की पहल पर अधिकारी और कर्मचारी साइकिल से कार्यालय पहुंच रहे हैं। यह क्रम लगातार बना हुआ है। सुमंगल साइकिल दिवस पर कमिश्नर और अन्य अधिकारी साइकिल से कमिश्नर कार्यालय पहुंचे। कमिश्नर के साथ संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय तथा कमिश्नर कार्यालय के कर्मचारी भी साइकिल से कार्यालय पहुंचे।

# अंतरराज्यीय गैंग का भंडाफोड़: दो साल में 60 से अधिक विद्युत तार चोरी की वारदातें उजागर, 17 आरोपी गिरफ्तार

रीवा।



जिले में पिछले दो वर्षों से विद्युत तार चोरी की लगातार बढ़ती वारदातों के पीछे सक्रिय अंतरराज्यीय गिरोह का रीवा पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने इस गैंग के कुल 17 सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जो रीवा सहित आसपास के जिलों में बिजली तार, कॉपर वायर और अन्य कीमती विद्युत सामग्री की चोरी को अंजाम दे रहे थे। पकड़े गए आरोपियों में उत्तर प्रदेश के 3 कबाड़ी भी शामिल हैं, जो चोरी का माल खरीदते थे। पुलिस के अनुसार, विगत दो वर्षों में जिले में 60 से अधिक बिजली तार चोरी की घटनाएं हुईं, जिनमें आरडीएसएस योजना, एमपीइबी विभाग की लाइनों से एल्युमिनियम तार, रैबिट कंडक्टर, इंसुलेटर और अन्य महंगी सामग्री चोरी की गई थी। इतना ही नहीं, चोरों ने गुढ़ स्थित 750 मेगावाट के सोलर पॉवर प्लांट को भी निशाना बनाया और वहां से कॉपर स्ट्रिंग वायर एवं अन्य सामग्री चुरा ले गए थे। रीवा पुलिस ने इन घटनाओं की जड़ों तक पहुंचने के लिए करीब 150 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक पहुंच बनाई। एक-एक कर पुलिस ने पूरे गिरोह को हिरासत में ले लिया, जिसमें मध्यप्रदेश के रीवा, सीधी, सतना, कटनी के साथ-साथ उत्तर प्रदेश से भी आरोपी पकड़े गए हैं।कार्रवाई में पुलिस ने चोरी की गई बड़ी मात्रा में सामग्री बरामद की है, जिसमें शामिल है 5 कुंटल एल्युमिनियम तार 2.5 कुंटल कॉपर स्ट्रिंग वायर 1 स्कॉर्पियो वाहन 2 बोलेरो वाहन 2 लोडर वाहन बरामद कुल सामान की अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया की यह गैंग काफी शातिर तरीके से चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। चोरी के बाद माल तुरंत कबाड़ी के पास खपाया जाता था जिससे पुलिस को सुराग नहीं मिल रहा था। लगातार दो वर्ष तक पुलिस को चकमा देने वाले इस गिरोह के पकड़े जाने से जिले में राहत की भावना है। आरोपियों के खिलाफ कई जिलों में आपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार सभी 17 आरोपियों पर अब संगठित अपराध के तहत भी कार्रवाई की गई है।

## चोरी का मास्टर माइंड निकला भतीजा: आभूषण बरामद, बिछिया थाना क्षेत्र में सामने आई थी घटना, पुलिस ने किया खुलासा

रीवा।



शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत एक सप्ताह पूर्व चोरी की घटना सामने आई थी। वैवाहिक कार्यक्रम से रात 12 बजे घर लौटी महिला ने सोने चांदी के आभूषण सहित नकदी चोरी होने की शिकायत दर्ज करवाई थी। पुलिस ने शिकायत के बाद प्रकरण पंजीबद्ध कर घटना की जांच शुरू की जिसके बाद महिला का भतीजा ही चोरी का मास्टरमाइंड निकला जिससे पुलिस ने चोरी किए गए आभूषण सहित नकदी बरामद की है। मामले में थाना प्रभारी मनीषा उपाध्याय ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुये घटना स्थल से फॉरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य जुटाए और सीसीटीवी फुटेज को खगालने के बाद संदेही आफताब खान को हिरासत में लेकर पूंछताछ की तो उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। बताया गया कि आरोपी आफताब फरियादिया के देवर का ही पुत्र है, जिसने पूरे परिवार के एक शादी समारोह में जाने के बाद चोरी की घटना को अंजाम दिया था। 29 नंवबर को पीड़िता नाजमीन बेगम पति आबदीन खान 40 वर्ष निवासी तकिया दाराशाह ने शिकायत दर्ज करववाई थी कि 28 नवंबर की रात करीबन 10 बज मेरे परिवार के सभी सदस्य शादी कार्यक्रम मे दुल्हन गार्डन निपनिया मोड गए हुए थे। रात करीबन 12.10 बजे जब मै अपने घर अपने पति के साथ वापस आई तो देखी तो घर के बाहर का दरवाजा का ताला टूटा हुआ था जब अन्दर जाकर देखी तो घर के अन्दर का सारा सामान बिखरा हुआ था। आलमारी का लॉकर खुला हुआ था सामान का सहेज किया तो देखा की चांदी की 03 नग पायल, सोने की नथ, सोने का मंगलसूत्र 01 पत्ती व 02 पत्ती का, सोने का कंगन, दो नग अंगूठी, बड़ी लड़की साइबा खान का एटीएम, पासबुक, नगदी रूपये नहीं थे। पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर संदेही आफताब खान उर्फ राज पिता रज्जी इमामुद्दीन खान 20 वर्ष निवासी बिछिया तकिया को पकड़ा जिसके कब्जे से सोने की अंगुठी, एक सोने की नथिया, एक मंगलसूत्र एवं तीन जोडी. चांदी का पायल बरामद किया है। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है।

## मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत राशि अंतरण कार्यक्रम

रीवा।



मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा जिला छतरपुर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया गया। मुख्यमंत्री के संदेश एवं योजना के उद्देश्यों को लेकर आयोजित यह प्रदेशव्यापी कार्यक्रम लाइव प्रसारण के माध्यम से समस्त जिलों में देखा गया। रीवा जिले के समस्त आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं ग्राम पंचायतों में हितग्राही महिलाओं ने सामूहिक रूप से लाइव कार्यक्रम देखा और मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन को सुना। महिलाओं ने इस योजना को उनके आर्थिक सशक्तिकरण के लिए एक मजबूत आधार बताया। कार्यक्रम में रीवा जिले की कुल 3,91,993 हितग्राही बहनों के बैंक खातों में 50.81 करोड़ रुपये की राशि का सफलतापूर्वक अंतरण किया गया। लाभ प्राप्त कर रही बहनों ने मुख्यमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त किया तथा बताया कि यह योजना उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में निरंतर सहयोग प्रदान कर रही है। लाइव प्रसारण और हितग्राहियों की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला रीवा द्वारा सभी परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के सहयोग से व्यापक व्यवस्थाएँ की गईं। कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधियों, स्थानीय निकायों, सामाजिक संगठनों तथा ग्रामीण महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## अपर कलेक्टर ने 29 आवेदनों में की जनसुनवाई



**मऊगंज।** कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय ने आमजनता के 29 आवेदन पत्रों में सुनवाई की। अपर कलेक्टर ने अधिकारियों को जनता के आवेदन पत्रों का सात दिवस में निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में रामलखन कुशवाहा निवासी ग्राम खजुरहन ने खसरे में सुधार के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने तहसीलदार हनुमना को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। जगजीवन जायसवाल निवासी ग्राम लौर खुर्द ने खसरे में सुधार के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने तहसीलदार देवतालाब को कार्यवाही के निर्देश दिए। प्रेमलाल सिंह निवासी ग्राम गढ़वा ने संबल योजना के लाभ के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने जिला श्रम पदाधिकारी को आवेदक संबल योजना का लाभ देने के निर्देश दिए। देवेन्द्र पटेल निवासी ग्राम खरिका ने धान पंजीयन के सत्यापन के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी तथा तहसीलदार को आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए। झरियारी प्रजापति निवासी ग्राम पटेहरा ने निजी स्वामित्व की भूमि में किए जा रहे निर्माण कार्य में बाधा डालने वालों पर कार्यवाही के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने तहसीलदार हनुमना को प्रकरण में कार्यवाही के निर्देश दिए। सुशीला सेन निवासी ग्राम ऊंची ने पति की मृत्यु पर अनुग्रह सहायता के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने तहसीलदार मऊगंज को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### अवरूद्ध रास्ता खोले जाने के आवेदन पर तहसीलदार को मौके पर जाकर निराकरण के दिये निर्देश

# कलेक्टर ने 67 आवेदकों की समस्यायें सुनीं

रीवा।



कलेक्टर प्रतिभा पाल ने जनसुनवाई में 67 आवेदकों की समस्यायें सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने मनगवां निवासी बृजमोहन पाण्डेय के अवरूद्ध रास्ता खोले जाने के आवेदन पर तहसीलदार मनगवां को 10 दिसंबर को सुबह 11 बजे मौके पर जाकर प्रकरण का निराकरण करने के लिये निर्देशित किया। बरहा टोला के निवासियों द्वारा बाणसागर की माइनर नहर से खेतों तक पानी न पहुंचने की शिकायत पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों को स्थल निरीक्षण कर नाली सुधार कार्य कराने के निर्देश दिये। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में पटेहरा/अतरैला निवासी रविनंदन कोरी द्वारा नहर में डूबने से हुई मृत्यु पर आर्थिक सहायता प्रदाय करने के आवेदन पर तहसीलदार जवा को तथा देवगांव सेमरिया निवासी हीरालाल यादव के फसल क्षतिग्रस्त का मुआवजा दिलाने के आवेदन पर तहसीलदार सेमरिया को कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये। इसी प्रकार विमला शुक्ला, बैजनाथ साकेत तथा दीपक मिश्रा के बिजली बिलों में सुधार के आवेदनों पर विद्युत मंडल के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश जनसुनवाई में दिये गये। शिवबहोर मिश्रा दुवगवां के प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना से खाद्यान्न दिलाने के आवेदन पर खाद्य विभाग को, विजयकृष्ण चौरसिया के दिव्यांग पुत्र को पेंशन स्वीकृत करने के आवेदन पर जिला शिक्षा अधिकारी को तथा नर्रहा निवासी रीतू साकेत के दैनिक वेतन भोगी पति की मृत्यु के उपरांत कार्य में रखे जाने के आवेदन पर नगर पंचायत मनगवां के सीएमओ को परीक्षण कर समाधानकारक कार्यवाही के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, संयुक्त कलेक्टर राजेश कुमार सिन्हा एवं जीपी अग्रवाल ने भी सुनवाई करते हुए विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही किये जाने हेतु आवेदन प्रेषित किये।

## भूमि विवाद ने लिया हिंसा का रूप, जब बुजुर्ग महिलाएं भी लाठियां लेकर दौड़ी, वीडियो हुआ वायरल



**मऊगंज।** जिले से एक वीडियो सामने आया है, जिसमे कुछ महिलाएं वाद - विवाद करती नजर आ रही है,हैरत की बात इस दौरान बुजुर्ग वृद्ध महिलाएं भी हाथों में डंडे लेकर स्थल पर मौजूद दिख रही है, उनके हाथ में डंडे और पत्थर के साथ गाली गलौज करते हुए सुनाई दे रहा है,यह पूरा मामला भूमि विवाद से जुड़ा होने की जानकारी मिली है जिले के हनुमना थाना अंतर्गत हाटा चौकी के ग्राम भदौहा का है जहां 7 दिसंबर को शाम 6 बजे गुलाबकली पटेल पति रामसिया पटेल उम्र 50 साल ने रिपोर्ट दर्ज कराई,उसने बताया कि उसी के परिवार के लोगों के साथ पिछले कुछ समय से जमीन का विवाद चला आ रहा है ,जिसको लेकर मामूली सी बात को लेकर दो पक्षों के बीच पत्थर और डंडों से गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी, हालाकि वीडियो में भी छीना झपटी साफ - साफ नजर आ रही, लेकिन मारपीट की पुष्टि नहीं हुई,फरियादी गुलाबकली का आरोप है कि उसके साथ सतानन्द पटेल एव शिवमगल पटेल विवाद करने लगे तब फरियादी ने लड़ाई का विरोध किया तो तीन और लोग पत्थर से मारने लगे,फरियादी के हल्ला गोहार करने पर आस पड़ोस के लोग आकर बीच बचाव कर झगड़ा को शांत कराया गया। मारपीट से मेरे दाहिने हाथ के गदोली एवं दाहिने पैर के एड़ी में चोट लगी है, हालाकि मामले में पुलिस 115 (2) के तहत मामला पंजीबद्ध करके कार्यवाही कर रही।